पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश की वृहद श्रेणी की 06 औद्योगिक इकाईयों को एल.ओ.सी. जारी

लखनऊ : 27 जुलाई, 2026

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में औद्योगिक निवेश को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्‌देश्य से उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति–2022 के तहत 06 बड़ी औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। अधिकृत समिति की संस्तुतियों के आधार पर लिए गए इस निर्णय से प्रदेश में 716 करोड़ रूपये से अधिक के नए औद्योगिक निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव, श्री आलोक कुमार की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार स्वीकृत परियोजनाओं में धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (बरेली) की 60 करोड रूपये, के. एन. इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस प्रा.लि. (फिरोजाबाद) की 160.20 करोड़ रूपये, वीफॉर्म टेक्नोपैक लिमिटेड (वाराणसी) की 167.22 करोड़ रूपये, वीफॉर्म टेक्नोपैक लिमिटेड (गौतमबुद्ध नगर) की 120. 97 करोड़ रूपये, प्रीमियर मेडिकल सिस्टम्स एंड डिवाइसेज प्रा.लि. (गौतमबुद्ध नगर) की 68 करोड़ रूपये तथा एस्ट्रल लिमिटेड (कानपुर देहात) की 139.53 करोड़ रूपये की निवेश परियोजनाएँ शामिल हैं।

इन परियोजनाओं को नीति के तहत पूंजीगत सब्सिडी तथा नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति जैसे प्रोत्साहनों का लाभ प्रदान किया जाएगा। इससे उद्योगों की स्थापना एवं विस्तार में तेजी आएगी, विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रदेश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

---

**सम्पर्क सूत्र**– सरिता वर्मा

राम यतन/02:20 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225

फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,

**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in